# University in News on 15 October 2021

## i-NEXT PAGE 3

# 22 अक्टूबर से बीएड की पूल काउंसिलिंग

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 Oct): लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से हुए स्टेट बीएड एंट्रेंस एग्जाम के तहत चार चरण की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कई कैंडीडेट्स को अब तक सीटें नहीं अलॉट हो पाई है. ऐसे में एलयू ने कैंडीडेट्स को एक और मौका देने जा रहा है. एलयू सीटें भरने के लिए पूल काउंसिलिंग की तैयारी कर रहा है जो 22 अक्टूबर से होगी.

### जमा करनी होगी पूरी फीस

इसमें उन सभी कैंडीडेट्स को शामिल होने का मौका दिया जाएगा, जिन्हें अभी सीट आवंटित नहीं हुई है या फिर जो अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए और यदि रजिस्ट्रेशन किया तो उन्हें सीट नहीं मिली. ऐसे सभी कैंडीडेट्स के लिए काउंसिलिंग के विकल्प खोल दिए जाएंगे. पूल काउंसिलिंग में शामिल होने पर कैंडीडेट्स को पूरी फीस 51,250 रुपए जमा करनी होगी.

### च्वाइस भरने को चार दिन का मौका

पूल काउंसिलिंग में 22 से 25 तक रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया होगी. इसके बाद 26 अक्टूबर को सिर्फ च्वाइस फिलिंग की जाएगी. 27 अक्टूबर को सीट आवंटन का रिजल्ट जारी किया जाएगा. 28 से 30 अक्टूबर तक कैंडीडेट्स आवंटन लेटर डाउनलोड कर सकेंगे. स्टेट बीएड कोऑर्डिनेटर प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया कि 22 से शुरू हो रहे पूल काउंसिलिंग के बाद जो भी सीटें खाली रह जाएंगी उन पर डायरेक्ट एडमिशन की प्रक्रिया आठ नवंबर से शुरू की जाएगी, जो 12 नवंबर तक चलेगी.

## DAINIK JAGRAN PAGE 9

# बीएड प्रवेश : 22 से पूल काउंसिलिंग

### अभ्यर्थियों को मिलेगा एक और मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर से बीएड 2021-23 के लिए बची हुई सीटों पर पूल काउंसिलिंग कराएगा। इस चरण में उन सभी अभ्यर्थियों को शामिल होने का मौका दिया जाएगा, जिन्हें अभी तक कोई भी सीट आवंटित नहीं हुई है या फिर जो अब तक पंजीकरण ही नहीं कर पाए और यदि पंजीकरण किया तो उन्हें सीट नहीं मिली। ऐसे सभी अभ्यर्थियों के लिए विकल्प खोल दिए जाएंगे। पूल काउंसिलिंग में शामिल होने पर अभ्यर्थियों को पूरी फीस 51,250 रुपये जमा करनी होगी।

दरअसल, बीएड सत्र 2021-23 में 2,35,010 सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। इनमें 7,830 सीटें विश्वविद्यालय, राजकीय एवं सहायता प्राप्त कालेजों और 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित कालेजों की हैं। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि चौथे चरण में जिन 21,406 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई हैं, उन्हें 16 अक्टूबर तक सीट कंफर्मेशन के साथ शुल्क जमा करने का मौका दिया गया है। यह अंतिम मौका है। 17 से 19 अक्टूबर तक खाली सीटों के साथ नए जुड़ने वाले कालेजों की सीटों का ब्योरा जुटाया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कितने अभ्यर्थियों ने फीस जमा कर दी है। फिर खाली सीटों पर 22 से 26 अक्टूबर तक पूल काउंसिलिंग की जाएगी।

**पंजीकरण और च्वाइस भरने के लिए चार दिन का मौका :** पूल काउंसिलिंग में 22 से 25 तक पंजीकरण और च्वाइस फिलिंग होगी। 26 अक्टूबर को सिर्फ च्वाइस फिलिंग की जाएगी। 27 अक्टूबर को सीट आवंटन के नतीजे जारी किए जाएंगे। 28 से 30 अक्टूबर तक अभ्यर्थी आवंटन लेटर डाउनलोड कर सकेंगे।

### आठ नवंबर से सीधे दाखिला

पूल काउंसिलिंग के बाद जो भी सीटें खाली रह जाएंगी उन पर सीधे दाखिले की शुरुआत आठ नवंबर से शुरू होकर 12 नवंबर तक चलेगी। इसमें अभ्यर्थियों को आनलाइन पंजीकरण कर सीटों पर सीधे प्रवेश का मौका मिलेगा।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 2

# लविवि : 16 तक जमा होगी फीस

**लखनऊ।** लविवि की सत्र 2021-22 की स्नातक के 10 पाठ्यक्रमों की दूसरी एलॉटमेंट सूची के अभ्यर्थियों की सीट कन्फर्मेशन फीस 16 अक्तूबर तक जमा होगी। विवि प्रशासन के अनुसार बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीसीए, बीबीए, बीवीए-बीएफए, बीकॉम चार वर्षीय कोर्स, बीकॉम ऑनर्स के अभ्यर्थी अपना एलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमाकर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AMRIT VICHAR PAGE 2

# लखनऊ विश्वविद्यालय शुरू करेगा पूल काउंसलिंग

लखनऊ। बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए अब लखनऊ विश्वविद्यालय पूल काउंसलिंग करायेगा। इसके लिए 22 अक्तूबर से प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अमिता वाजपेयी ने बताया कि बीएड दाखिले की प्रक्रिया में काउंसलिंग के चार राउंड पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब भी सीटें खाली बची हुई हैं। चार चरणों में एक लाख 31 हजार सीटें अभ्यर्थियों को एलॉट की गई हैं।